| Q. No. | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|
| Uint-1-B | 2.5 | 1 |
| Unit-1-A | 10 | 3.75 |
| Unit-1-B | 22.5 | 9 |
| Unit-1-C | 40 | 6.5 |
| Unit-2-A | 10 | 6.75 |
| Unit-2-B | 25 | 13 |
| Unit-2-C | 30 | 16.5 |
| Unit-3-A | 20 | 7.75 |
| Unit-3-B | 20 | 2.75 |
| Unit-3-C | 20 | 8 |
| Total Obt. Marks in Figures | 200 | 75 |
| Total Obt. Marks in Words | | Seventy Five |

PART - I

Paper Code

**P-1**

19254

Medium of Exam

Hindi

Hindi ●

English ○

tion of the candidate shall be
late will be liable-
ame, Address, Roll Number,

iestions.
दि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि
प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द
परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में

umber of pages) then bring it
: for that.
था उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका

l Point Pen before answering.
ver Sheet (OMR sheet).
र्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

etails have to be filled by the

न रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर.

arks are indicated in each unit

ट एवं भाग में अंकित हैं।
versions of the question, the

त्तर मान्य होगा।
ge and script, unless directed

ए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के

ould not write answer outside

हर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के

deducted.

ut of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।
other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her
o be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair**
pplicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from

ा उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और
कथाम अध्युपाय) **अधिनियम, 2022** तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों के तहत कार्यवाही की
ली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

idate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or
examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

श्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का
में परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

# CANDIDATE PLEASE READ CAREFULLY
# अभ्यर्थी कृपया ध्यान से पढ़ें

**Please note that the following act is strictly prohibited and will be treated as unfair means. The entire examination of the candidate shall be cancelled. Also, he/she may be debarred by the Commission from all the future examinations for which the candidate will be liable-**

- **Writing any mark of identity inside the Question-Answer Booklet (including space for rough work) i.e. Name, Address, Roll Number, Mobile number etc. However in case of letter writing words like XYZ, ABC etc. can be used.**
- **Writing name of God, religious sign, irrelevant sentence, words and numbers other than the answers of the questions.**

प्रश्नोत्तर पुस्तिका (रफ कार्य के पृष्ठ सहित) के अंदर कहीं पर भी पहचान चिह्न यथा अपना नाम, पता, रोल नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि नहीं लिखें। यहाँ तक कि पत्रादि लेखन में भी नहीं लिखें (XYZ, ABC, अ ब स आदि लिखा जा सकता है)। कोई धार्मिक चिह्न, देवताओं के नाम, अनर्गल बातें, प्रश्नोत्तर से असंबंधित वाक्य, शब्द एवं अंक आदि भी न लिखें। ऐसा करने पर आयोग द्वारा इसे अनुचित साधन अपनाने का कृत्य माना जायेगा तथा अभ्यर्थी की संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जाकर भविष्य में आयोजित की जाने वाली समस्त परीक्षाओं से विवर्जित करने की कार्यवाही की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्त्वपूर्ण निर्देश)

(A) It should be ensured that the Question-Answer Booklet is provided in sealed polythene to the candidate.
अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी को प्रश्नोत्तर पुस्तिका सीलबंद पॉलिथीन में प्रदान की गई है।

(B) If the Question-Answer Booklet is torn or not printed properly or some pages are missing (Please count the number of pages) then bring it to notice of invigilator at once and change the Question-Answer booklet, otherwise the candidate will be liable for that.
यदि प्रश्नोत्तर पुस्तिका कहीं से कटी-फटी या अमुद्रित है या पृष्ठ कम हैं (कृपया पृष्ठ गिन लें) तो तुरन्त अभिजागर के ध्यान में ला दें तथा उसे बदलवा लें, अन्यथा उसका दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

(C) Please fill up all desired details properly on Cover Sheet (OMR sheet) of Question-Answer Booklet with **Blue Ball Point Pen** before answering. The Commission may also deduct 5 marks from the marks obtained if Roll Number is not filled correctly on the Cover Sheet (OMR sheet).
प्रश्नोत्तर पुस्तिका में प्रश्न हल करने से पूर्व कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर सभी वांछित विवरण **नीले बॉल पॉइंट पेन** से सावधानीपूर्वक भरें। कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) पर रोल नम्बर का त्रुटिपूर्ण अंकन करने पर आयोग द्वारा प्राप्तांकों में से 5 अंक काटे भी जा सकते हैं।

(D) This Cover Sheet (OMR sheet) consists of Two parts, in which some information is pre-printed, remaining details have to be filled by the candidate. Please ensure that this Cover Sheet (OMR sheet) is not torn or damaged.
कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) दो भागों में बंटा है, जिसमें कतिपय सूचनाएँ पूर्वमुद्रित हैं, शेष की पूर्ति अभ्यर्थी को करनी है। ध्यान रखें कि कवर पृष्ठ (ओ.एम.आर. पत्रक) कहीं से कटे-फटे नहीं अथवा किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हो।

(E) The question paper is divided into different units/parts. The number of questions to be attempted and their marks are indicated in each unit and part.
प्रश्न-पत्र विभिन्न यूनिट/भागों में विभाजित है। प्रत्येक यूनिट एवं भाग में हल किये जाने वाले प्रश्नों की संख्या और उनके अंक उस यूनिट एवं भाग में अंकित हैं।

(F) If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English versions of the question, the **English version will be treated as standard.**
यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी या अंग्रेजी रूपान्तरों में से **अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।**

(G) Attempt answers either in **Hindi or English**, not in both. For Language Papers, answer in concerned language and script, unless directed otherwise to write in Hindi or English specifically.
उत्तर **हिन्दी या अंग्रेजी** भाषा में से किसी एक में दीजिये, दोनों में नहीं। भाषा विषयक प्रश्नों के उत्तर उनकी संबद्ध भाषा व लिपि में ही दिए जाएँ, जब तक कि प्रश्न विशेष के लिए अलग से हिंदी या अंग्रेजी में उत्तर देने के लिए न लिखा गया हो।

(H) Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of Question-Answer Booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.
अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाइन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाइन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।

(I) The candidates should not write the answers beyond the prescribed limit of words, failing this, marks may be deducted.
अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए। इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।

(J) If there is a choice to attempt one question out of many and the candidate attempts more than one question then only first answer will be assessed.
यदि कई प्रश्नों में से कोई एक हल करने का विकल्प दिया गया है और परीक्षार्थी द्वारा एक से अधिक प्रश्न हल किये जाते हैं तो ऐसी स्थिति में प्रथम उत्तर ही जाँचा जायेगा।

(K) Mobile Phone, watch, smart watch or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited.
मोबाइल फोन, घड़ी, स्मार्ट वॉच या अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022,** other laws applicable and Commission's Regulations. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**Special Note :**
If there is any wrong information filled by the candidate or any attempt is made to damage the Question-Answer Booklet or any page is removed or any marking as identification is done, then his entire examination shall be cancelled by the Commission, for which candidate will be liable.

**विशेष नोट :**
अभ्यर्थी द्वारा यदि कोई गलत सूचना अंकित की जाती है या प्रश्नोत्तर पुस्तिका को किसी प्रकार की क्षति पहुँचाई जाती है अथवा कोई पृष्ठ फाड़ा जाता है या उस पर किसी प्रकार का पहचान चिह्न अंकित किया जाता है, तो आयोग द्वारा उसकी संपूर्ण परीक्षा निरस्त की जा सकेगी और उसके लिए अभ्यर्थी उत्तरदायी होगा।

SPACE FOR ROUGH WORK

## PAPER-I : GENERAL STUDIES & GENERAL KNOWLEDGE

**Total Marks : 200**

**Total Questions : 48**

**Unit – I** **(75 Marks)**

**Part – A** **Marks : 10**

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

1. Who were the Dyodhidars ?

   ड्योढ़ीदार किन्हें कहा जाता था ?

0 (Zero)
(Q.01)

2. Name any two dialects counted under Middle-Eastern Rajasthani or Dhundhadi.

   मध्य-पूर्वी राजस्थानी अथवा ढूँढाड़ी के अन्तर्गत सम्मिलित किन्हीं दो बोलियों के नाम लिखिए।

ढूँढाड़ी की उपबोलियाँ

① नागरचोल – सवाईमाधोपुर क्षेत्र

② जगरौती – करौली

0.75(Zero¾)
(Q.02)

3. How were Buddhism and Jainism different from the religion of Samhitas ? Underline two main differences.

बौद्ध और जैन मत संहिताओं में वर्णित धर्म से किस प्रकार भिन्न थे ? दो मुख्य भिन्नताओं को रेखांकित कीजिए।

① बौद्ध एवं जैन धर्म में संस्कृत की बजाय पालि को महत्व
② बौद्ध व जैन धर्म में यज्ञ, कर्मकांड का उल्लेख नहीं
③ बौद्ध एवं जैन धर्म वेदों ~~के~~ ~~[illegible]~~ में विश्वास नहीं रखते
④ बौद्ध व जैन धर्म में आत्मा का स्वरूप संहिताओं से भिन्न है तथा ये दोनों ही संहिताओं की के विपरीत ईश्वर को नहीं मानते है।

1.5(One½)
(Q.03)

4. What is Tin-Kthiya ?

तिन–कथिया क्या है ?

तिनकठिया एक ~~[illegible]~~ भूराजस्व प्रणाली है जिसके तहत ~~[illegible]~~ भूमि का एक तिहाई हिस्सा ~~[illegible]~~ जमीन की खेती हेतु आरक्षित करना पड़ता था।

5. Explain Universal Priesthood.

सार्वभौमिक पौरोहित्य का अर्थ स्पष्ट कीजिये।

0 (Zero)
(Q.04)

सार्वभौमिक पौरोहित्य → पश्चिमी धर्म सुधार आंदोलन के समय धर्मसुधारकों ने चर्च एवं पोप की सत्ता को नकारा तथा ~~[illegible]~~ स्वयं बाइबिल पढ़ने पर जोर दिया तथा यह माना कि व्यक्ति बाइबिल ~~[illegible]~~ पढ़कर स्वयं ही पुरोहित/पादरी बन सकता है, पादरियों की जरूरत नहीं है।

1.5(One½)
(Q.05)

Paper-I



Unit – I/Part – B

Marks : 25

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

6. Explain the following terms related to Rajasthani Literature :
   (1) Vat
   (2) Vachnika

   राजस्थानी साहित्य से सम्बन्धित निम्नलिखित पदों की व्याख्या कीजिए :
   (1) वात
   (2) वचनिका

| वात | वचनिका |
| --- | --- |
| ⊛ राजस्थानी साहित्य की विशिष्ट शैली जिसमें किसी राजा/महापुरुष के जीवन की किसी घटना विशेष का विस्तृत विवरण किया जाता है। | ⊛ राजस्थानी साहित्य की शैली जिसमें किसी राजा के पूरे जीवन तथा उसके पराक्रम का तथा तत्कालीन समाज का विवरण मिलता है। |
| उदाहरण – पाबूजी री वात | उदाहरण – 'अचलदास खींची री वचनिका' — शिवदास गाड़ण द्वारा |
| ⇒ यह एक कहानी के रूप में विवरण प्रदान करती है। | ⇒ यह इतिवृत्त के रूप में तथा शौर्यगाथा के रूप में विवरण प्रदान करती है। |

1(One) (Q.06(i))

1(One) (Q.06(ii))

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखे

7. Critically evaluate the attitude of the Jaipur Praja Mandal towards Quit India Movement.

भारत छोड़ो आन्दोलन के प्रति जयपुर प्रजामण्डल के दृष्टिकोण का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये।

(*) भारत छोड़ो आंदोलन ने जयपुर प्रजामंडल के सामने नई चुनौती पेश की। प्रजामंडल के अध्यक्ष हीरालाल शास्त्री को मिर्जा इस्माइल द्वारा उत्तरदायी शासन की स्थापना का आश्वासन दिया जिस कारण शास्त्री गुट भारत छोड़ो आंदोलन से दूर रहना चाहता था परंतु बाबा हरिश्चन्द्र, रामकरण जोशी, के गुट ने आंदोलन में भाग लेने का निर्णय किया, तथा 'आज़ाद मोर्चा' का गठन किया। (*) इस प्रकार, जयपुर प्रजामंडल की प्रतिक्रिया उदासीन-सी रही (*) मिर्जा इस्माइल व शास्त्री के बीच जेंटलमैंस एग्रीमेंट हुआ तथा शास्त्री गुट ने भाग नहीं लिया। (*) इससे जयपुर प्रजामंडल में फूट पड़ी तथा यह अपना प्रभावी योगदान नहीं दे पाया। (*) 1945 में नेहरू के जयपुर आगमन पर आज़ाद मोर्चा का विलय किया गया। अंततः जयपुर में उत्तरदायी शासन की स्थापना हुई तथा शास्त्री प्रधानमंत्री बने।

3(Three)
(Q.07)

8. Explain the socio-religious significance of Naynar and Alwar bhakti saints.

नयनार और अलवार भक्ति संतों के सामाजिक-धार्मिक महत्त्व को व्याख्यायित कीजिए।

नयनार → दक्षिण भारत के शैव संत ; अलवार → वैष्णव संत

सामाजिक धार्मिक महत्व → (1) समाज में व्याप्त कुरीतियों तथा आडंबरों पर चोट की तथा भक्ति को ईश्वर प्राप्ति के मार्ग के रूप में स्थापना की (2) बाहरी आक्रमणों से त्रस्त जनता को भक्ति आंदोलन ने नई चेतना व ऊर्जा दी। (3) ऊँच-नीच, भेदभाव को सीमित करने का प्रयास किया। (4) भक्ति साहित्य की रचना में महत्वपूर्ण योगदान (5) दक्षिण भारत के साथ-साथ उत्तरी भारत में भक्ति आंदोलन को प्रभावित (6) समाज में महिलाओं की स्थिति को ऊँचा उठाने में मदद (उदाहरण - 'अलवार अम्मा' नामक महिला संत)

0.75(Zero¾)
(Q.08)

9. The Razakars were the main obstacles to the accession of Hyderabad into Indian Union. Explain.

हैदराबाद के भारतीय संघ में विलय के मार्ग में रज़ाकार प्रमुख बाधा थे । स्पष्ट कीजिये ।

हैदराबाद का निज़ाम स्वतंत्र अस्तित्व रखना चाहता था परंतु बाद में उसने पाकिस्तान में शामिल होने का निर्णय लिया जब कि बहुसंख्यक जनता हिंदू थी। निज़ाम ने सशस्त्र रज़ाकारों के संगठन इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन को बढ़ावा दिया तथा रज़ाकारों ने बहुसंख्यक जनता पर निज़ाम की शह से अत्याचार, लूट, बलात्कार, चोरी आदि ज़ुल्म ढाए। रज़ाकारों के संगठन की सैन्य शक्ति के बल पर ही निज़ाम पाकिस्तान में शामिल होना चाहता था। परन्तु रज़ाकारों की इस बाधा से 13–18 सितंबर 1948 तक 'ऑपरेशन पोलो' चलाया गया तथा अंततः हैदराबाद की रियासत भारत का अंग बन गयी।
⟹ इस प्रकार स्पष्ट है कि बहुसंख्यक जनता के चाहते हुए भी रज़ाकार भारत में विलय हेतु बाधा थे।

1.5(One½) (Q.09)

10. How did the two World Wars enhance the political and economic participation of European women?

दो विश्व युद्धों के कारण राजनीतिक व आर्थिक क्षेत्र में यूरोपीय स्त्रियों की भागीदारी किस प्रकार से बढ़ी ?

विश्व युद्धों के अनेक नकारात्मक व विध्वंसात्मक भूमिकाएँ व प्रभाव हैं परंतु कुछ सकारात्मक प्रभाव भी हैं जिनमें से एक महिलाओं की स्थिति में सुधार है।

स्त्रियों की भागीदारी बढ़ना — (1) पुरुष सेना में शामिल होकर युद्ध क्षेत्र में चले गए जिससे महिलाओं को परिवार की जिम्मेदारी, फैक्ट्रियों में श्रमिकों के रूप में शामिल होने तथा राजनीतिक क्षेत्र में सहभागिता का अवसर मिला।
(2) साथ ही, आर्थिक क्षेत्र में भी उत्पादन हेतु यूरोपीय देश महिलाओं पर निर्भर हुए (3) महिलाओं को स्वतंत्रता (राजनीतिक व आर्थिक) देना लाज़िमी हो गया तथा इससे महिलाओं की स्थिति में और सुधार आए (4) महिलाओं के हितों की रक्षा हेतु नारीवाद का उदय भी विश्व युद्धों का ही परिणाम है। (5) महिलाओं की भागीदारी तो बढ़ी परन्तु साथ ही उन्हें कुछ नुकसान भी झेलने पड़े जैसे - दोहराबोझ (घर एवं कार्य), कार्यस्थल पर शोषण आदि। ⟹ इस प्रकार, यूरोपीय स्त्रियों की राजनीतिक व आर्थिक क्षेत्र में भागीदारी बढ़ी

0.25(Zero¼) (Q.10)

2.5(Two½) (Q.10)

Unit – I/Part – C Marks : 40

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

11. Give a brief account of Sun temples of Rajasthan.

राजस्थान के सूर्य मन्दिरों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए।

राजस्थान के सूर्य मंदिर

उदाहरण ① ओसियाँ का सूर्य मंदिर → प्रतिहार काल में निर्मित

↳ गुर्जर-प्रतिहार शैली में निर्मित

विशेषताएँ इन मंदिरों में विशालता, दीवारों पर अलंकरण तथा छत पर अलंकरण

→ इन मंदिरों में मंदिर बाहरी भूमि से ऊँचे प्लेटफॉर्म पर बनाए जाते हैं।

⊗ मंदिर की बाह्य सीमारेखा नहीं बनाई जाती।

⊗ मंदिर का गर्भगृह अपेक्षाकृत बड़ा व खुला

⊗ दक्षिण भारतीय मंदिर शैली (द्रविड़) का सीमित प्रभाव भी दिखाई देता है।

0.5(Zero½)
(Q.11)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

12. Continuity of culture is a unique feature of Indian civilization, which is unparalleled in world civilizations. Explain.
विश्व की संस्कृतियों में भारतीय संस्कृति की निरन्तरता एक अनन्य विशिष्टता है। व्याख्या कीजिए।

विश्व के अधिकांश अन्य देशों की संस्कृति → आम तौर पर एक धर्म, एक भाषा, एक प्रकार की नस्ल, एक प्रकार की भौगोलिक, राजनीतिक व आर्थिक परिस्थितियों से बनी है तथा इनमें कालिक एवं स्थानिक सातत्य नहीं है। इसके विपरीत भारत की संस्कृति → वैदिक काल से लेकर अब तक की विभिन्न कलाओं, साहित्य, धर्म दर्शन, तथा स्थापत्य में एक अद्भुत सततता है तथा साथ ही, विभिन्न स्थानों, क्षेत्रों की कला एवं संस्कृतियों में एक अद्वितीय निरन्तरता है।

उदाहरण → मुगल काल से पूर्व की स्थापत्य कला का स्वतंत्र अस्तित्व था परंतु मुगल काल के बाद भी ऐसा नहीं है कि यह कला पूरी तरह समाप्त हो गई और नई कला ने जन्म लिया। बल्कि हुआ यह कि मुगल काल की कला के तत्वों का प्राचीन भारतीय कला में समावेश हुआ। उदाहरण – मंदिरों, महलों में मेहराब, गुंबद, महलों में बाग आदि।

इसी प्रकार, यूनानी प्रभावों से भी नई शैली इंडो-बैक्ट्रीयन, गांधार आदि का विकास हुआ तथा पूर्व की शैली की विशेषताएं भी बनी रहीं। इसी प्रकार, यूरोपीय प्रभाव के बाद भी निरंतरता बनी रही।

⟹ अतः स्पष्ट है कि भारतीय संस्कृति की यह अनन्य निरंतरता अन्य वैश्विक संस्कृतियों में दुर्लभ है।

0.5(Zero½)
(Q.12)

13. Mauryan pillar are of indigenous origin. Explain.
मौर्य स्तम्भ देशज मूल के हैं । व्याख्या कीजिए ।

मौर्य स्तंभ की विशेषताएँ ऐसी हैं कि उन्हें किसी भी दृष्टि से विदेशी नहीं माना जा सकता। उनकी संरचना, स्थापत्य, उन पर उकेरे गए चित्र, शिलालेख आदि किसी भी अन्य संस्कृति में नहीं मिलते। ये पूर्णतः भारतीय नवाचार तथा नई शैली को प्रतिबिंबित करते हैं।

0 (Zero)
(Q.13)

14. European industrial revolution finally gave rise to New Imperialism. Explain.

यूरोपीय औद्योगिक क्रांति ने अन्ततः नव साम्राज्यवाद को जन्म दिया। वर्णन कीजिए।

यूरोपीय औद्योगिक क्रांति ने न केवल यूरोप पर बल्कि पूरे विश्व पर व्यापक प्रभाव डाले। नव साम्राज्यवाद, उपनिवेशवाद का उदय भी इसी क्रांति का एक परिणाम था।

(*) यूरोपीय औद्योगिक क्रांति से यूरोप में उत्पादित माल की उपलब्धता बढ़ी तथा कच्चे माल की आवश्यकता बढ़ी। जिससे यूरोपीय देशों ने व्यापार, कच्चे माल के स्रोत, सस्ते श्रम के स्रोत, (गिरमिटिया, दास आदि) तथा अपने उत्पादित माल को खपाने हेतु गरीब अफ्रीकी व एशियाई देशों में उपनिवेशों की स्थापना की तथा अंततः यूरोपीय देशों ने इन देशों में अपने साम्राज्य की स्थापना कर दी।

(*) अंग्रेजों ने तथा अन्य यूरोपीय देशों ने इसे इन देशों के बौद्धिक व मानवीय विकास हेतु किया गया महदान बताया (व्हाइट मैन बर्डन)

(*) दास व्यापार, उपनिवेशवाद तथा साम्राज्यवाद के परिणामस्वरूप इन गरीब देशों की शिक्षा, संस्कृति, अर्थव्यवस्था, मानसिकता विकृत हो गई तथा उन्हें यूरोपीय देशों पर निर्भर होना पड़ा।

(*) यद्यपि ये देश कालांतर में स्वतंत्र हो गए परंतु फिर भी इन देशों पर अमीर विकसित देशों के प्रभुत्व के नए मार्ग खुल गए जिसमें वैश्विक महाशक्तियों द्वारा इन देशों की संप्रभुता में हस्तक्षेप, यूरोपीय देशों पर इनकी निर्भरता बढ़ गई तथा आगे चलकर वैश्वीकरण के नाम पर विकसित देशों की MNCs तथा तकनीकों ने इन देशों में नए प्रकार के साम्राज्यवाद की स्थापना की जिसे नवसाम्राज्यवाद कहा जाता है।

⇒ इस प्रकार, औद्योगिक क्रांति की परिणति अंततः नव साम्राज्यवाद के रूप में हुई।

5.5(Five½)
(Q.14)

Unit – II (65 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

15. What comprises non-tax revenue of the Central Government ?

केन्द्रीय सरकार के गैर–कर राजस्व में क्या समाविष्ट होता है ?

गैर कर राजस्व → (1) लाभ – सरकारी उपक्रमों से
(2) विभिन्न शुल्क यथा – आवेदन (3) राज्यों से प्राप्त ब्याज
(पूर्व में दिए गए ऋणों पर (4) विदेशों से प्राप्त अनुदान
(5) सरकारी संपत्तियों को किराए पर देने से प्राप्त राजस्व
(6) RBI से प्राप्त लाभांश (7) विभिन्न प्रकार के जुर्मानों से प्राप्त राशि

2 (Two) (Q.15)

16. Write the name of the three economic railway corridors, which were announced in the interim budget for 2024-25 under the P.M. Gati Shakti Framework.

उन तीन आर्थिक रेलवे गलियारों के नाम लिखिए जिन्हें प्रधानमन्त्री गतिशक्ति ढाँचे के अन्तर्गत 2024-25 के अन्तरिम बजट में घोषित किया गया।

2024-25 के अंतरिम बजट में घोषित तीन रेलवे गलियारे
(1) पूर्वोत्तर से गुजरात तक
(2) मुंबई से चेन्नई तक
(3) चेन्नई से कोलकाता

0 (Zero) (Q.16)

17. What is the inflation targeting framework of Reserve Bank of India ?

भारतीय रिज़र्व बैंक का मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढाँचा क्या है ?

भारतीय रिजर्व बैंक उर्जित पटेल समिति के सिफारिशों के अनुसरण में वर्तमान में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के आधार पर मुद्रास्फीति को नियंत्रित करता है तथा CPI को 4 ± 2% सीमा में रखता है इस हेतु रेपो रेट, SLR, CRR, नैतिक दबाव आदि उपकरण काम में लेता है।

2(Two)
(Q.17)

18. Why Gyan Sankalp Portal has been established by Government of Rajasthan ?

राजस्थान सरकार के द्वारा ज्ञान संकल्प पोर्टल को क्यों स्थापित किया गया है ?

राजस्थान सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में कॉर्पोरेट संस्थाओं, समाजसेवियों तथा आमजनों द्वारा आर्थिक योगदान को सुगम बनाने हेतु ज्ञान संकल्प पोर्टल की स्थापना की गई है इसके माध्यम से वे सीधे ही विद्यादान कोष या किसी विद्यालय विशेष को अनुदान दे सकते हैं।

1.5(One½)
(Q.18)

19. What is the main objective of Rajasthan Janani Shishu Suraksha Yojana ?

राजस्थान जननी शिशु सुरक्षा योजना का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

उद्देश्य ① राजस्थान में संस्थागत प्रसवों को प्रोत्साहन
② शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर को कम करना
③ जन्म के समय से ही पोषण एवं स्वास्थ्य पर ध्यान
इसके तहत संस्थागत प्रसव हेतु 2100 व 1400 रुपए की प्रोत्साहन राशि; जननी सुरक्षा एंबुलेंस संचालित है।

1.25(One¼)
(Q.19)

Unit – II /Part – B Marks : 25

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से सभी प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं ।

20. What are the main objectives of Pradhan Mantri Kisan Sampada Yojana ?
प्रधानमन्त्री किसान सम्पदा योजना के प्रमुख उद्देश्य क्या हैं ?

प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना → वित्तीय योगदान = केंद्र:राज्य 60:40

उद्देश्य → ① कृषकों को खाद्य प्रसंस्करण तथा विपणन शृंखला से जोड़ना ② किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना ③ किसानों की आय सुरक्षा ④ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा तथा खाद्यान्नों की बर्बादी को रोकना ⑤ किसानों को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवीन उद्यम लगाने हेतु FPO बनाने में सहयोग ⑥ ऑपरेशन ग्रीन → विभिन्न फलों व सब्जियों हेतु भंडारण सुविधा ⑦ TOP से Total तक अर्थात सभी खाद्य उत्पादों तक विस्तृत

3.5(Three½) (Q.20)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

21. What are the functions of Bureau of Investment Promotion in Rajasthan ?

राजस्थान में निवेश संवर्धन ब्यूरो के क्या कार्य हैं ?

राजस्थान निवेश संवर्द्धन ब्यूरो → स्थापना – 1991

↳ कार्य (1) राज्य में 50 करोड़ से अधिक निवेश के प्रस्तावों का अध्ययन एवं अनुमोदन

(2) मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अनुमोदन समिति संचालित

(3) राज्य में निवेश करना सुगम बनाना तथा निवेशकों के लिए 'Investor Facilitation Portal' संचालन

(4) राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, वन स्टॉप शॉप हेतु मॉडल एजेंसी (5) नीति आयोग के BRAP को लागू करना (6) राज्य में निवेश को आकर्षक बनाने के प्रयास

1.5(One½) (Q.21)

22. What are the objectives of 'SVAMITVA' Scheme in India ?

भारत में 'स्वामित्व' योजना के उद्देश्य क्या हैं ?

SVAMITVA → Survey of Village Area and Mapping with Improvise Tech. of Village Abadi

• 24 अप्रैल 2020 से शुरू

• ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग तथा सर्वे ऑफ इंडिया की संयुक्त भागीदारी

उद्देश्य → (1) ग्रामीण क्षेत्रों के आबादी क्षेत्र का ड्रोन द्वारा सर्वे करना तथा नक्शा तैयार करना (2) ग्रामीणों को अपनी भूमि का पट्टा प्रदान करना (3) आबादी भूमि संबंधी अन्य अधिकार प्रदान करना तथा उन्हें लोन प्राप्त करने में सक्षम बनाना (4) भू अभिलेखों का डिजिटलीकरण (5) भूमि विवादों का समाधान

3(Three) (Q.22)

23. What are the targets of National Logistics Policy of India ?
भारत की राष्ट्रीय रसद नीति के लक्ष्य क्या हैं ?

राष्ट्रीय रसद नीति → भारत में लॉजिस्टिक्स ढाँचे को सुदृढ़ करने हेतु लागू की गई, उद्देश्य अग्रलिखित है –
① भारत में होने वाले लॉजिस्टिक खर्च (वर्तमान में 14-18%) को अंतर्राष्ट्रीय औसत (8%) तक लाना
② भारत को विश्व बैंक के लॉजिस्टिक निष्पादन सूचकांक (LPI) में टॉप 25 में लाना ③ भारत में राज्यों में आपसी प्रतिस्पर्धा हेतु LEADS का संचालन ④ परिवहन की आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण ⑤ अनुमति प्रक्रिया, कर, क्लियरेंस आदि को सरल करना ⑥ बंदरगाहों में उच्च तकनीक वाले लोडरों की स्थापना;

2(Two) (Q.23)

24. Describe the main recommendations of Sixth State Finance Commission of Rajasthan.
राजस्थान के छठवें राज्य वित्त आयोग की मुख्य सिफारिशों का वर्णन कीजिये।

राजस्थान का 6वाँ वित्त आयोग → प्रद्युम्न सिंह, अशोक लाहोटी, लक्ष्मण सिंह (अध्यक्ष)
→ 2020-25 की अवधि के लिए
→ संविधान के अनुच्छेद 243 I व Y के तहत गठित

सिफारिशें → राज्य के कुल कर राजस्व का 6.75% स्थानीय स्वशासन तथा पंचायती राज को आवंटित किया जाए।

6.75%
- शहरी 24.9% — निकाय संस्थाओं की जनसंख्या के अनुपात में
- ग्रामीण 75.1%
  - जिला परिषद – 5%
  - पंचायत समिति – 20%
  - ग्राम पंचायत – 75%

⇒ इसमें से पंचायती राज संस्थाएँ 50% राशि राज्य व राष्ट्रीय प्राथमिकता की योजनाओं पर खर्च करें तथा 50% → स्थानीय आवश्यकताओं हेतु

3(Three) (Q.24)

Unit – II / Part – C

Marks : 30

**Note :** Answer **all** the following questions in **100** words each. Each question carries **10** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **100-100** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **10** अंक निर्धारित हैं ।

25. Discuss the salient features of Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in India.

भारत में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा कीजिये ।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना → 2016 में शुरू की गई
→ लाभार्थियों की संख्या के आधार पर विश्व की सबसे बड़ी तथा प्रीमियम के आधार पर दूसरी सबसे बड़ी बीमा योजना

विशेषताएं → उद्देश्य → किसानों को प्राकृतिक आपदा, मौसम बाढ़ आदि से होने वाली हानि के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करना तथा उसकी आय को संयुक्त करते हुए दिशा में अग्रसर

राज्य: केंद्र = 40 : 60; पहाड़ी व उत्तर पूर्वी → 75:25

1. किसानों द्वारा बीमा प्रीमियम का आंशिक भुगतान, शेष सरकार द्वारा → रबी → 1.5% ; खरीफ → 2% ; वाणिज्यिक फसलों हेतु 5% प्रीमियम किसान द्वारा देय
2. प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने हेतु सैटेलाइट डेटा का प्रयोग
3. ~~के~~ प्रारंभ में ऋणी किसानों हेतु अनिवार्य, वर्तमान में किसान की स्वेच्छा से ("अपनी पॉलिसी-अपने घर")
4. बीमा भुगतान की तथा दावों के निपटान की व्यवस्था ऑनलाइन पोर्टल तथा ऐप के माध्यम से उपलब्ध
5. ~~व्यापक~~ व्यापक कवरेज → (i) प्राकृतिक आपदा के कारण न बोई गई फसल हेतु (ii) खड़ी फसल को हुए नुकसान हेतु

(iii) कटाई के बाद हुए नुकसान हेतु मुआवजा

⑥ स्थानीय आपदाओं हेतु भी मुआवजा

⇒ नीति आयोग तथा ICAR द्वारा किए गए अध्ययन से सामने आया है कि इससे किसानों की आय व सुरक्षा में वृद्धि हुई है।

⇒ कुछ कमियाँ → ① बीमा कंपनियों द्वारा विलंब से भुगतान ② कृषकों में जागरूकता का अभाव

7.5(Seven½)
(Q.25)

Do Not Write Here

यहां कुछ नहीं लिखें

26. Discuss in brief India's updated Nationally Determined Contribution (NDC) submitted to the United Nations Framework Convention to Climate Change (UNFCCC).
जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन में प्रस्तुत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित अद्यतित योगदान पर संक्षेप में चर्चा कीजिए।

पेरिस सम्मेलन 2015 के तहत सभी देशों ने अपने राष्ट्रीय स्तर के योगदान सुनिश्चित किए हैं। इसे 'कॉमन बट डिफरेंशिएटेड' रिस्पांसिबिलिटी' कहा गया है।

**भारत के NDC** → भारत ने NDC के रूप में "पंचामृत" प्रस्तुत किया है →
1. 2030 तक कुल ऊर्जा उपभोग/उत्पादन का 50% नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत से प्राप्त करना
2. 2030 तक कुल कार्बन उत्सर्जन को 45% करना
3. 2070 तक नेट जीरो कार्बन एमिशन
4. 2030 तक 50 लाख टन कार्बन संग्रहण
5. 2030 तक ग्रीन हाउस उत्सर्जन को 2005 की तुलना में 50% करना

⇒ इसके अतिरिक्त भारत ने जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं —
1. वन सन, वन ग्रिड के तहत विभिन्न देशों से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग
2. FAME योजना द्वारा EV को प्रोत्साहन
3. मिशन LIFE → Lifestyle for Environment → जीवनशैली को पर्यावरणानुकूल तथा टिकाऊ बनाने पर जोर
4. 2024 तक एथेनॉल ब्लेंडिंग – 20% करना
5. 2030 तक सौर ऊर्जा का लक्ष्य 125 GW

5(Five)
(Q.26)

27. Write a short note on Rajasthan Water Sector Livelihood Improvement Project (RWSLIP).

राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

राजस्थान जल क्षेत्र आजीविका सुधार परियोजना

→ राजस्थान में संचालित बाह्य सहायतित परियोजना जिसको फंडिंग जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी (JICA) द्वारा प्रदान की जा रही है।

उद्देश्य → राजस्थान के ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में पेयजल, सिंचाई तथा आजीविका हेतु प्रयास करना

कार्य → वर्तमान में राज्य के 9 ज़िलों में संचालित

- ज़िलों में संचालित पेयजल व सिंचाई परियोजनाओं का सुदृढ़ीकरण तथा पुनरुद्धार व नवीनीकरण
- इन ज़िलों में ग्रामीण क्षेत्र में जल संरक्षण, वाटर हार्वेस्टिंग तथा सिंचाई जल उपलब्धता सुनिश्चित करना
- इन ज़िलों की आबादी को आवश्यक कौशल प्रदान कर उन्हें अपनी आजीविका चलाने में मदद करना ताकि उन्हें आजीविका हेतु पलायन न करना पड़े।
- इसके तहत टांका निर्माण, जोहड़ खुदाई व सफाई तथा नए हैंडपंपों की स्थापना की जा रही है।
- आजीविका सुरक्षा हेतु स्वयं सहायता समूह, हस्तशिल्प संबंधी गतिविधियों का संचालन

⇒ इस प्रकार, यह योजना मुख्यतः पश्चिमी राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में आजीविका सुरक्षा पर तथा पेयजल-सिंचाई पर केंद्रित है।

4(Four)
(Q.27)

Paper-I



Unit – III (Section – A)

(20 Marks)

Part – A

Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें । निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं ।

28. What do you mean by Westoxication ?
वेस्टोक्सीकेशन से आपका क्या अभिप्राय है ?

0 (Zero) (Q.28)

वेस्टोक्सिकेशन सामाजिक परिवर्तन की एक प्रक्रिया है जिसमें पूर्वी देशों के समाजों में पश्चिमीकरण के साथ-साथ पश्चिमी देशों की सामाजिक बुराइयाँ यथा परिवार विघटन, तलाक, नशा आदि भी समाहित होते जाते हैं।

29. Mention the forms of Cultural Flow discussed by Arjun Appadurai regarding Global Society.
अर्जुन अप्पादुरई द्वारा वैश्विक समाज के संदर्भ में उल्लेखित सांस्कृतिक प्रवाह के स्वरूपों का उल्लेख कीजिए ।

वैश्विक समाजों में सांस्कृतिक प्रवाह के स्वरूप — (i) खान-पान, वेशभूषा, जीवनशैली में एकरूपता आना (होमोजिनाइजेशन) (ii) विभिन्न समाजों के रीति-रिवाजों व खान-पान इत्यादि में मिश्रण (ग्लोकलाइजेशन) (iii) कला, साहित्य, संगीत आदि के नए स्वरूपों का उदय

0 (Zero) (Q.29)

30. Casual Employment

अनियत रोज़गार

जब किसी व्यक्ति को किसी फुटकर कार्य के लिए अस्थाई तौर पर नियोजित किया जाता है तो ऐसा रोज़गार अनियत रोज़गार कहलाता है। इसमें व्यक्ति की आय एवं रोज़गार का स्थायित्व नहीं होता तथा यह सामान्यतः मौसमी प्रवृत्ति का होता है। इससे श्रमिकों की सुभेद्यता बढ़ती है।

0.25(Zero¼)
(Q.30)

31. Culture of Poverty

निर्धनता की संस्कृति

निर्धनता की संस्कृति का अर्थ है – किसी समाज में गरीबी को महिमामंडित किया जाना तथा अमीर बनने के उपाय करने पर ध्यान नहीं देना। उदाहरण के लिए भारत में सदा गरीब बने रहने [illegible], अमीरों से ईर्ष्या, गरीबों द्वारा अपने धन का उचित नियोजन नहीं करना।
व बाहर निकलने के उपाय नहीं

0 (Zero)
(Q.31)

32. Demerits of Dowry System

दहेज प्रथा के दोष/कमियाँ

कमियाँ (1) महिलाओं को वस्तु की तरह देखना (2) महिलाओं की सामाजिक स्थिति में गिरावट (3) भ्रूण हत्या का कारण (4) महिलाओं/लड़कियों को बोझ समझा जाना (5) महिला/लड़कियों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य में पर्याप्त निवेश न करना (6) बचपन से ही भेदभाव

2(Two)
(Q.32)

## Unit – III (Section – A)

### Part – B

Marks : 10

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर **50-50** शब्दों में दें । प्रत्येक प्रश्न के **5** अंक निर्धारित हैं ।

33. How Caste system represents segmental division of society ?

किस प्रकार जाति व्यवस्था समाज के खण्डात्मक विभाजन को प्रस्तुत करती है ?

3.5(Three½) (Q.33)

जाति व्यवस्था में समाज को अर्धबाहिर रूप से एक पदसोपान में व्यवस्थित विभिन्न जातियों में बाँटा जाता है तथा प्रत्येक जाति का उस पदसोपान में विशिष्ट स्थान होता है तथा उन पर व्यवसाय, विवाह, खानपान, सहवास पर प्रतिबंध लागू किए जाते हैं। ⊗ इसके साथ इसकी सदस्यता प्रदत्त अर्थात जन्माधारित होती है तथा यह एक बंद समूह है।

→ इस प्रकार जाति व्यवस्था समाज के सभी लोगों को विभिन्न खंडों में विभाजित करती है जो एक दूसरे से स्पष्टतः पृथक होते हैं।

जाति 'अ'
↓
जाति 'ब'
↓
जाति 'स'
↓
जाति 'द'

34. Present the socio-economic profile of Garasia Tribe.

गरासिया जनजाति की सामाजिक–आर्थिक प्रोफाइल (रूपरेखा) प्रस्तुत कीजिए ।

गरासिया → जनसंख्या → 3.14 लाख (2011)

↳ साक्षरता – 59% ; जीवन प्रत्याशा → 63 वर्ष

सामाजिक प्रोफाइल → ① निवास → सिरोही → आबूरोड, पिंडवाड़ा; पाली – बाली ② समाज – पितृसत्तात्मक परंतु महिला समानता व देवी पूजा पर बल ③ समाज के लोगों में एकजुटता तथा स्थानीय पंचायतों द्वारा निर्णय

आर्थिक प्रोफाइल → ① दुर्गम क्षेत्र में निवास ⇒ अवसंरचना का अभाव ② गरीबी–बेरोजगारी ऋणग्रस्तता ③ शिक्षा स्वास्थ्य का निम्न स्तर ④ सिकल सेल एनीमिया ⑤ जमीन से बेदखली ⑥ कृषि (झूम) पर निर्भर ⑦ कुपोषण, ⑧

2(Two) (Q.34)

## Unit – III (Section – B) (20 Marks)

### Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

35. What do you mean by the 'depth' of product portfolio ?

उत्पाद पोर्टफोलियो की 'गहराई' से आपका क्या तात्पर्य है ?

किसी कंपनी के द्वारा विभिन्न उत्पाद प्रृंखलाओं के अंतर्गत प्रस्तुत किए जाने वाले उत्पादों की कुल संख्या को उस कंपनी के उत्पाद पोर्टफोलियो की गहराई कहते हैं। पेप्सी के इस उदाहरण में उत्पाद गहराई (2+3) = 5 है। {चौड़ाई = 2 (जूस व शीतलपेय)} शीतलपेय प्रृंखला की लंबाई = 2, जूस प्रृंखला की लंबाई = 3

उदाहरण
पेप्सी
शीतलपेय: • ड्यू • मिरिंडा
जूस: • आम • पपीता

36. Who propounded the theory of 'Irrelevance of Capital Structure' ? Write one key assumption of the theory.

'पूँजी संरचना की अप्रासंगिकता' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ? सिद्धान्त की एक प्रमुख अवधारणा लिखिए।

पूँजी संरचना की अप्रासंगिकता के सिद्धांत के अनुसार, किसी व्यवसाय की पूँजी संरचना (विभिन्न प्रकार के पूँजी स्रोतों का आपेक्षिक अनुपात व चयन) केवल सामान्य परिस्थिति में ही उपयोगी है, इससे कंपनी की लाभप्रदता या वित्तीय स्थिति के संबंध में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता।

1.75 (One¾) (Q.35)

0 (Zero) (Q.36)

37. List four leadership behaviours under 'Path Goal Theory of Leadership'.

'नेतृत्व के पथ लक्ष्य सिद्धान्त' के अंतर्गत चार नेतृत्व व्यवहारों की सूची बनाएँ।

नेतृत्व के पथ लक्ष्य सिद्धांत के अनुसार, नेता के चार प्रकार के व्यवहार हैं —

① कार्य निर्देशन ② सहयोगी ③ सहभागिता

④ प्रयोजना

1(One)
(Q.37)

38. List two criteria (as per SEBI) for qualifying as an 'Angel Investor' in India.

भारत में 'एंजेल निवेशक' के रूप में अर्हता प्राप्त करने के लिए दो मापदंड (सेबी के अनुसार) सूचीबद्ध करें।

① एंजेल निवेशक अपनी पूंजी को स्टार्टअप के आरंभिक चरण में निवेश करते हैं। मापदंड → ① एंजेल निवेशक प्रबंधन में भागीदार नहीं हो सकते।

② उसकी पूंजी स्वयं की होनी चाहिए, न कि उधार/अन्य वित्तीय स्रोत से प्राप्त

0 (Zero)
(Q.38)

39. Expand 'MICE'.

'MICE' का विस्तार करें।

0 (Zero)
(Q.39)

## Unit – III (Section – B)

**Part – B** **Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

40. Who proposed Three-Needs Theory ? List and explain in brief those three needs.
त्रि–आवश्यकता सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया ? उन तीन आवश्यकताओं की सूची बनाकर संक्षेप में बताएँ।

?

त्रि आवश्यकता सिद्धांत :— इस सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति/ कार्मिक की तीन आवश्यकताएँ होती है जिनकी पूर्ति होने पर वह संतुष्टिपूर्वक कार्य कर सकता है — (1) शरीर क्रियात्मक → भूख, प्यास, नींद, काम आदि की आवश्यकता (2) सुरक्षात्मक आवश्यकता → भावी शारीरिक/ मानसिक/ आर्थिक संकटों से सुरक्षा (3) सामाजिक संबंधन की आवश्यकता → अन्य लोगों से संबंधित होने तथा प्रेम की आवश्यकता
⇒ प्रबंधन में ये आवश्यकताएँ → वेतन ; उचित कार्य दशाएँ एवं सम्मान ; पेंशन व सामाजिक सुरक्षा

0 (Zero)
(Q.40)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

41. What are various types of NBFCs as per Reserve Bank of India (RBI) ?

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के अनुसार विभिन्न प्रकार की NBFC क्या हैं ?

RBI के अनुसार NBFC निम्नलिखित प्रकार की है–

① एग्रीगेटर → ये NBFC स्वयं सेवा प्रदान नहीं करती बल्कि प्रकार के खातों को एक साथ प्रबंधित करने की सुविधा प्रदान करती है। ~~उदाहरण~~ – ~~है~~

② वित्तीय NBFC → ये NBFC विभिन्न वित्तीय सेवाएँ यथा–लोन, सावधि प्रदान करती है। उदाहरण – बजाज, मालियान फाइनैंस

③ इंश्योरेंस NBFC → ये NBFC विभिन्न प्रकार की बीमा सुविधाएँ उपलब्ध कराती है। उदाहरण – एको इंश्योरेंस

④ ब्रोकर NBFC → ये NBFC शेयर मार्केट में लेनदेन करने में प्रधान बनाती है। Eg. जीरोधा, 5पैसा.

Do Not Write Here

यहाँ कुछ नहीं लिखें

0 (Zero)

(Q.41)

Unit – III (Section – C) (20 Marks)

Part – A Marks : 10

**Note :** Attempt **all** questions. Answer the following questions in **15** words each. Each question carries **2** marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर **15-15** शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के **2** अंक निर्धारित हैं।

42. Give any four objectives of Auditing.

अंकेक्षण के कोई चार उद्देश्य दीजिए।

(1) वित्तीय विवरणों व लेखाओं की सत्यता का परीक्षण (2) वित्तीय विवरण में हुई छल, भूल, त्रुटियों व फ्रॉड का पता लगाना (3) वैधानिक आवश्यकताओं की पूर्ति (4) व्यवसाय की वास्तविक वित्तीय स्थिति को उजागर करना (5) व्यवसाय में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा को प्रोत्साहित करना तथा प्रभावशीलता, दक्षता, मितव्ययता को बढ़ाना (6) किए गए व्यय सक्षम स्तर से अनुमति से किए गए हों, की जाँच

1(One) (Q.42)

43. Write down any four duties of Comptroller and Auditor General of India.

भारत के नियंत्रक व महालेखा परीक्षक के कोई चार कर्तव्य लिखिए।

अनुच्छेद – 148

(1) केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, कार्यालयों व उपक्रमों के लेखाओं की लेखापरीक्षा (2) सरकारी कंपनियों के लेखाओं की जाँच व निष्पादन अंकेक्षण (3) राष्ट्रपति को लेखाओं के प्रारूप के संदर्भ में सलाह देना (अनुच्छेद 150) (4) लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के समक्ष रखना तथा लोकलेखा समिति की सहायता (5) कंपनी अधिनियम के तहत स्वामित्व उपक्रमों की बाह्य अंकेक्षक से जाँच कराना

(अनुच्छेद 148)

0.75(Zero¾) (Q.43)

44. Write down elements of Auditing as per definition given by International Auditing & Assurance Standards Board (IAASB).

अन्तर्राष्ट्रीय अंकेक्षण तथा आश्वासन मानक मण्डल (IAASB) द्वारा दी गई परिभाषा के अनुसार अंकेक्षण के तत्त्व लिखिए।

अंकेक्षण के आवश्यक तत्व → ① निष्पक्षता ② स्वतंत्रता – अंकेक्षक स्वतंत्र हो ③ विश्वसनीयता ④ सत्यापनीयता (Verifiability) ⑤ अंकेक्षक एवं कार्मिकों में गठजोड़ नहीं हो ⑥ अंकेक्षण समयबद्ध तथा प्रासंगिक हो ⑦ अंकेक्षण के मानक सिद्धांतों व प्रारूप का पालन हो।

0.25(Zero¼) (Q.44)

45. Write down any four essential features of Zero Based Budgeting.

शून्य आधार बजटन की कोई चार मूलभूत विशेषताएँ लिखिये।

① प्रतिवर्ष व्यय के औचित्य को प्रमाणित करना होता है। ② व्यय गतवर्ष के अनुमान आधारित नहीं बल्कि वास्तविक उद्देश्यों के आधार पर; अतः अनुपयोगी व्यय व योजनाएँ समाप्त की जाती ③ संगठन के सभी स्तरों की भागीदारी अर्थात बजट निर्माण में विकेंद्रीकरण ④ प्राथमिकताओं का निर्धारण आसान ⑤ संगठन में प्रभावशीलता, दक्षता, मितव्ययता, पारदर्शिता बढ़ती है।

0.25(Zero¼) (Q.45)

46. Write any two objectives of performance budgeting as recommended by Administrative Reforms Commission.

प्रशासनिक सुधार आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार निष्पादन बजटन के कोई दो उद्देश्य लिखिये।

प्रशासनिक सुधार आयोग ने निष्पादन बजटन को 3E अंकेक्षण कहा है जिसके निम्नलिखित उद्देश्य है —
① संगठन में दक्षता, मितव्ययता, प्रभावशीलता (3E) को बढ़ावा ② भौतिक पक्ष को वित्तीय पक्ष से जोड़ना ③ लघु योजना पर रोक ④ विधानमंडल द्वारा प्रभावी नियंत्रण संभव बनाना ⑤ उत्तरदायित्व तय करना तथा उस अनुरूप जवाबदेही।

0.75(Zero¾) (Q.46)

Paper-I



## Unit – III (Section – C)

### Part – B

**Marks : 10**

**Note :** Answer **all** the following questions in **50** words each. Each question carries **5** marks.

**नोट :** निम्न में से **सभी** प्रश्नों के उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।


47. Write down any five techniques of financial statements analysis.

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की कोई पाँच तकनीकें लिखिये।

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की तकनीकें अग्रलिखित हैं—

(1) समानाकार बैलेंस शीट (2) तुलनात्मक बैलेंस शीट

(3) प्रवृत्ति विश्लेषण → आधार वर्ष की तुलना में विभिन्न वर्षों में हुए परिवर्तनों का अध्ययन (4) अनुपात विश्लेषण → विभिन्न संकों के आपसी अनुपात द्वारा वित्तीय विवरण विश्लेषण उदाहरण— तरलता अनुपात → चालू, तरल अनुपात; सक्रियता अनुपात; ब्याज व्याप्ति अनुपात; (5) समविच्छेद विश्लेषण → बिक्री का वांछित स्तर पता करना ताकि वांछित लाभ हो सके




(6) कोष प्रवाह विश्लेषण → विभिन्न कोषों में हुए परिवर्तन के आधार पर

(7) रोकड़ प्रवाह विश्लेषण → संचालन, निवेश, वित्तीय रोकड़ शेष में परिवर्तन द्वारा

5(Five)
(Q.47)

**Do Not Write Here**

यहाँ कुछ नहीं लिखें

48. Give journal entries for the following transactions without narration :

(1) Goods sold to B for ₹ 20,000 in cash and ₹ 10,000 on credit.

(2) Goods returned by B for ₹ 5,000.

(3) Withdrew goods of ₹ 5,000 for personal use.

(4) Furniture purchased for office purpose worth ₹ 30,000.

(5) Goods worth ₹ 5,000 burnt by fire.

निम्नांकित व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ बिना विवरण के दीजिये :

(1) बी को ₹ 20,000 का माल नगद व ₹ 10,000 का उधार बेचा ।

(2) बी द्वारा ₹ 5,000 का माल लौटाया गया ।

(3) ₹ 5,000 का माल व्यक्तिगत उपयोग के लिए निकाला गया ।

(4) ऑफिस कार्य के लिए ₹ 30,000 मूल्य का फर्नीचर खरीदा ।

(5) ₹ 5,000 मूल्य का माल आग से नष्ट हो गया ।

| | नामे | जमा |
|---|---|---|
| परिसंपत्ति | वृद्धि | कमी |
| पूंजी | कमी | वृद्धि |
| देयता | कमी | वृद्धि |

| | परिसंपत्ति खाता | | पूंजी खाता | | देयता खाता | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नामे | जमा | नामे | जमा | नामे | जमा |
| (1) | ₹10,000 | ₹20,000 | | | | |
| (2) | ~~₹5,000~~ | ₹5,000 | | | | |
| (3) | | ₹ 5000 | | | | |
| (4) | | | ₹30,000 | | | |
| (5) | | ₹ 5,000 | | | | |

0 (Zero) (Q.48(i))
0 (Zero) (Q.48(ii))
0 (Zero) (Q.48(iii))
0 (Zero) (Q.48(iv))
0 (Zero) (Q.48(v))

SPACE FOR ROUGH WORK